# बस-ट्रक भिड़ंत में 3 कारोबारियों की मौत

## जबलपुर-नागपुर राजमार्ग पर देवलापार वडाम्बा में हादसा, 12 घायल

**जबलपुर, 29 अक्टूबर. जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवलापार थाना अंतर्गत वडाम्बा समीप बुधवार दोपहर करीब दो बजे ट्रैवल्स बस और ट्रक में भीषण भिड़ंत हो गई.**

इस बीच कार दोनों वाहनों के बीच में जाकर घुस गई. हादसे में जबलपुर के तीन कारोबारियों की मौत हो गई. जबकि 12 लोग घायल है. परिजन घटना स्थल की ओर रवाना हो गए जब उन्हेंने अपनों की लाशें देखी तो चीख पुकार मच गई. परिजनों का रोकर बुरा हाल था. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवलापार थाना अंतर्गत वडाम्बा समीप दोपहर दो बजे बस क्रमांक एमपी-22, जेडजी-5822 नागपुर की ओर आ रही थी. नागपुर से जबलपुर जा रही कार क्रमांक एमपी-20, जेडए 0014 के सामने अचानक एक बाइक आ गई. दोपहिया को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ. खड़े ट्रक क्रमांक आरजे-11, जीसी-6663 से बस टकरा गई. इस दौरान कार भी दोनों वाहनों में घुस गई.




### ऑटो को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

**दमोह, 29 अक्टूबर.** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास दमोह-कटनी मार्ग स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास एक चार पहिया वाहन की टक्कर लगने से ऑटो रिक्शा सवार करीब एक दर्जन लोग बुरी तरह से घायल हो गए. जिन्हें उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया. घायलों में एक वृद्ध महिला बतीबाई पति महाराज सिंह निवासी राजा पटना को डॉक्टर टीम ने चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर मृत घोषित कर दिया. घायलों में महेंद्र पिता मलखान सिंह, विनीता पति चंदन सिंह, हल्की बाई पति महेंद्र, चंदाबाई पति खेत सिंह, बैनी बाई पति केदार सिंह उम्र 25 वर्ष, ऑटो रिक्शा चालक जगत पिता लुक्खा अहिरवार, चंदाबाई पति मोहन सिंह, रचना बाई, इमरतबाई, दिलीप सिंह,बबीता, सभी निवासी राजा पटना बताए गए हैं. जो कि राजा पटना से आनू गमी में शामिल होने गए हुए थे. तभी यह लौटते समय हादसे का शिकार हो गए.

# विश्वविद्यालय में एनएसयूआई का प्रदर्शन

- पुलिस ने वाटर कैनन का किया प्रयोग
- जिलाध्यक्ष सहित कई छात्र गिरफ्तार



**रीवा, 29 अक्टूबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हुई गड़बड़ी सहित विभिन्न मांगो को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार की दोपहर प्रदर्शन किया.**

प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय में कुलगुरू से मिलने के लिये जैसे ही छात्र आगे बढ़े तो उन्हे पुलिस ने रोक लिया. छात्रों को तितर-बितर करने के लिये वाटर कैनन का प्रयोग किया गया, साथ ही एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सहित कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया. उधर छात्रों का कहना है कि वह अपनी न्याय संगत मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. लेकिन विश्वविद्यालय प्रवेश द्वार के पहले ही पुलिस ने रोक लिया और गिरफ्तार किया. एनएसयूआई जिलाध्यक्ष का कहना है कि शांतिपूर्ण तरीके से कुलगुरू से मिलकर अपनी मांग हमे रखनी थी लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के इशारे पर पुलिस ने छात्रों पर वाटर कैनन का प्रयोग किया और कुलगुरू से मिलने नही दिया गया. विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम हाल ही में घोषित हुआ है, जिसमें भारी धांधली की गई है. इसी तरह अतिथि विद्वानों को नियम विरूद्ध तरीके से रखा गया है. संबल योजना सहित कई मांगों को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन था.

## चित्रकूट के घाट 1 लाख दीपों से होंगे जगमग

**सतना.** देव प्रबोधिनी एकादशी पर 1 नवंबर को दीपोत्सव पर्व का आयोजन होगा. इस मौके पर मां मंदाकिनी के पुण्य तट पर 1 लाख 11 हजार 111 दीप प्रज्वलित कर दीप आराधना की जायेगी. श्रीरामचंद्र, माता सीता, माँ नर्मदा, माँ मंदाकिनी की महाआरती, दीप आराधना एवं भक्ति गायन का आनंद ले सकेंगे. श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एवं प्रशासन अनूपपुर के सहयोग से यह कार्यक्रम होगा. जिले में श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन सतना के सहयोग से चित्रकूट के मां मंदाकिनी घाट पर राघव प्रयाग घाट में दीपोत्सव होगा.

# किसानों का गुस्सा फूटा, लगा लंबा जाम

**पनागर तहसील कार्यालय का किया घेराव**

**जबलपुर, 29 अक्टूबर. भारतीय किसान संगठन के बैनर तले बुधवार को पनागर में किसानों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया.**

जिले के विभिन्न हिस्सों से आए सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय का घेराव किया. रैली के कारण पनागर मुख्य मार्ग पर करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. किसानों का कहना था कि प्रशासन और सरकार उनकी समस्याओं को अनदेखा कर रही है. वे नए युग के किसान हैं, लेकिन अब भी पुरानी व्यवस्थाओं के तहत सुविधाएं दी जा रही हैं. उनका आरोप है कि कृषि उपकरणों, सिंचाई सुविधाओं और फसल बीमा योजनाओं में लगातार लापरवाही बरती जा रही है. किसानों की आठ सूत्रीय मांगों में पराली जलाने का आदेश स्थगित करना, बिजली बिल माफी, उचित समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी, खाद-बीज की उपलब्धता और सहकारी समितियों में पारदर्शिता जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं.




# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मारा छापा, फैक्ट्री सील

**बगैर पंजीयन व लायसेंस के चल रही थी पानी की फैक्ट्री**

**रीवा, 29 अक्टूबर, शहर में बगैर लायसेंस और बड़ी कम्पनियों का लेबल लगाकर पानी बेचने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है.**

संचालक फर्जी लायसेंस नम्बर बोतलो में डाल कर पानी की सप्लाई कर रहा था. शहर के मैदानी स्थित पैकेज ड्रिंकिंग वाटर फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने छापामार कार्यवाही की. जहा पानी की बोतलो पर फर्जी लायसेंस बिक्री होना पाया गया. साथ ही फैक्ट्री का कोई लायसेंस नही था. कार्यवाही के दौरान पाउच और पानी की बोतल जप्त की गई और फैक्ट्री को सील कर दिया गया है. यह कार्यवाही कलेक्टर प्रतिभा पाल को मिली शिकायत के बाद की गई है. जांच के दौरान फ़ैक्टरी में क्रिस्टल और एक्वा पिंक के नाम से पानी की बोतलें पांच सौ एमएल और एक लीटर में श्रीजी फूड एंड बेवरेज निर्माता कंपनी के नाम से बिक्र किए जा रहे थे इन बोतलों के ऊपर जो फर्जी लाइसेंस नंबर डाला गया था वहां 17 अंकों का था जबकि एफएसएसएआई का लाइसेंस नंबर 14 अंकों का होता है.




खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे ने बतायाकि कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री का कोई लायसेंस नही पाया गया. समस्त पानी की बोतलों एवं पाउच पर लेबलिंग अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने से जब्त कर लिया गया है एवं फ़ैक्टरी में अवैधानिक परिस्थितियों में निर्माण विक्रय करते पाए जाने से फ़ैक्ट्री को सील किया गया है. जाँच के दौरान संचालक राजेश चड्ढा ने बताया कि वह पानी की बोतलें सतना की कंपनी नीर इंडस्ट्रीज़ में पैक करके मंगाता था एवं अपने स्टिकर लगाकर बाज़ार में विक्रय कर देता था.

# सांसद ने कार्य के प्रगति पर जताया असंतोष

**जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक**

**सिंगरौली 29 अक्टूबर. सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्र के अध्यक्षता में एवं विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, कलेक्टर गौरव बैनल, एसपी मनीष खत्री, जिपं सीईओ जगदीश गोमे के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई.**

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुये एजेडा बिंदुओ को प्रस्तुत किया गया. विभागवार समीक्षा करते हुये सांसद डॉ. श्री मिश्र के द्वारा सीधी-सिंगरौली सड़क निर्माण कार्य के प्रति असंतोष जाहिर करते हुये एमपीआरडीसी के अधिकारी को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य की निविदा जारी होने के पहले अच्छी तरह से कार्य योजना तैयार की आवश्यकता है. साथ ही कहा कि स्मार्ट मीटर के आधार पर अधिक बिल भुगतान के संबंध में शिकायत प्राप्त हो रही है. इन शिकायतों को संज्ञान में लेकर विभाग स्मार्ट मीटर से प्राप्त होने वाले यूनिट का सत्यापन कराना सुनिश्चित करे. सांसद ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि आउटसोर्सिंग पर कर्मचारियों को रखने स्वीकृति प्रदान की है. आगे समीक्षा करते हुये कहा कि एकल नल-जल योजना के तहत चल रहे कार्यो की प्रगति अत्यन्त कम है, जो खेदजन है.



# फर्जी चिकित्सकों पर स्वास्थ्य विभाग ने की कारवाई

- एक क्लिनिक किया सील तीन अन्य पर हुई कार्रवाई

**पारा (झाबुआ), 29 अक्टूबर. बुधवार को स्वास्थ्य विभाग ने नगर में अवैध रूप से संचालित चिकित्सा कार्य कर रहे क्लिनिको पर कार्रवाई की.**

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र भायल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर कार्रवाई की जाती रही है. डॉ भायल ने बताया कि पुरे जिले में अवैध रूप से चलने वाले क्लिनिक, लैब तथा मेडिकल स्टोर्स पर कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में सूचना के आधार पर पारा में भी कार्रवाई की गई है. यहां केसरबाग के शांति बारिया के क्लिनिक को जहां सील किया गया है.

वहीं राजगढ़ रोड पर लैबटक्नीशियन पन्नालाल सिसोदिया बोरी रोड़ के गोपाल रावत तथा वैभव राठौड़ के क्लिनिक पर निर्देशात्मक कार्रवाई की गई. बस स्टैंड के आशीर्वाद मेडिकल पर भी इसी तरह की कार्रवाई की गई. जिन्हें पूर्ण करने के लिए 3 दिनों का समय दिया गया है। अगर 3 दिनों में क्लिनिक संचालक संतोषपूर्ण जवाब नही दे पाते हैं तो उनके खिलाफ अगली कार्रवाई भी की जाएगी. ऐसी कार्रवाई लगातार होती रहेगी.

# एमपीएल की गर्वनिंग बाडी 4 दिन में बदली

**दो युवा जीडीसीए के मेंबर नहीं, उन्हें बना दिया था**

**सिंधिया के दखल पर जारी हुई नई सूची**

**ग्वालियर, 29 अक्टूबर. ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) की बनाई गई गर्वनिंग बाडी मात्र चार दिन में ही बदल दी गई.**

गर्वनिंग बाडी बनाने में जीडीसीए के कर्ताधर्ताओं ने बड़ी चूक कर दी. चूक यह थी कि जो दो युवा जीडीसीए के मेंबर नहीं थे उन्हें भी एमपीएल की गर्वनिंग बाडी 2025-26 में मेंबर बनाकर ताजपोशी कर दी गई थी. यह सदस्य थे प्रदेश के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के पुत्र रिपुदमन सिंह तोमर और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निज सचिव पुरूषोत्तम पाराशर के भाई धीरज पाराशर. इन दोनों का जीडीसीए से कोई ताल्लुक नहीं था और न ही एमपीसीए से. फिर भी इन्हें एमपीएल की गर्वनिंग बाडी में शामिल कर लिया गया.

यहां बता दें कि एमपीसीए और जीडीसीए के मेंबर ही एमपीएल की गर्वनिंग काउंसिल में आ सकते थे. शुरूआत में जीडीसीए की मैनेजिंग कमेटी ने इन युवाओं के मनोनयन पर साइन भी कर दिये थे. शुरूआत में गवर्निंग बाडी में प्रशांत मेहता चेयरमैन, संजय आहूजा सचिव, रवि पाटनकर सीईओ, रिपुदमन सिंह तोमर व धीरज पाराशर मेंबर बनाये गये. यह आदेश 24 अक्टूबर को सचिव संजय आहूजा के हस्ताक्षर से निकाला गया. बाद में दो नये नवेलों के गवर्निंग बाडी में जुड़ने का काफी हो हल्ला मचा, जीडीसीए से जुड़े लोगों ने भी आपत्ति जताई. सोशल मीडिया पर भी यह मसला चलने लगा, तब केन्द्रीय मंत्री व जीडीसीए संरक्षक ज्योतिरादित्य सिंधिया तक मामला पहुंचा तो उन्होंने आनन फानन में चेयरमैन प्रशांत मेहता को फोन कर गवर्निंग बाडी का लैटर बदलवा दिया. यह लैटर संशोधित होकर 28 अक्टूबर को निकाला गया.

# परिवारों के भूमि अधिकार के लिए ठाकुर सीएम से मिली

**मनावर, 29 अक्टूबर. महिला एवं बाल विकास केंद्रीय राज्यमंत्री तथा धार-महू लोकसभा क्षेत्र की सांसद सावित्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी से सौजन्य भेंट कर धार लोकसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की.**

इस भेंट का मुख्य विषय नर्मदा नदी के डूब प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी भाई-बहनों को भूमि पट्टों के व्यवस्थित वितरण से संबंधित रहा, जिसे मंत्री जी ने विशेष संवेदनशीलता और दृढ़ता के साथ मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा. उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व मंत्री सावित्री ठाकुर ने लोकसभा क्षेत्र के निसरपुर, खलघाट, डही, टांडा सहित डूब प्रभावित ग्रामों का व्यापक दौरा कर स्थानीय आदिवासी परिवारों से प्रत्यक्ष चर्चा की थी. इस दौरान ग्रामीणों ने भूमि अधिकार प्रमाणपत्र (पट्टा) न मिलने से उत्पन्न संकटों को विस्तार से साझा किया. उन्होंने बताया कि स्थापित आवास और कृषि भूमि पर अब तक कानूनी स्वामित्व न होने के कारण उन्हें अनेक प्रशासनिक, आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए मंत्री जी ने वहां ही वचन दिया था कि इस विषय को वे सरकार के सर्वोच्च स्तर तक तुरंत पहुंचाएंगी.

# मंत्री नायडू से उप मुख्यमंत्री शुक्ल की भेंट

## रीवा-दिल्ली और रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं के लिए जताया आभार

**भोपाल, 29 अक्टूबर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली स्थित निवास पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जारपु से भेंट की.**

इस दौरान शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट से शीघ्र प्रारंभ होने वाली रीवा-दिल्ली और रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं से विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को राजधानी दिल्ली और वाणिज्यिक केंद्र इंदौर तक सीधी हवाई सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास को नई दिशा प्राप्त होगी. शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने प्रदेश की जनता की ओर से केंद्रीय मंत्री नायडू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से केंद्रीय मंत्री श्री नायडू को रीवा एयरपोर्ट से इन हवाई सेवाओं के शुभारंभ समारोह में आमंत्रित भी किया.



## जब तक मुआवजा नहीं तब तक विधायक ने किया जूतों का त्याग

**श्योपुर.** जिले में लगातार हुई बारिश से हजारों किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं. कटाई के बाद खेतों और घरों में खुले में सूख रही धान भीग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है. किसानों से मिलने इन हालातों में श्योपुर विधायक बाबू जंडेल गांव-गांव पहुंच रहे हैं. उन्होंने किसानों को उचित मुआवजा मिलने तक जूते न पहनने का संकल्प लिया है. विधायक ने सोई, सोंठवा, मानपुर, बगडुआ सहित कई प्रभावित गांवों का दौरा किया. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के इस समय में किसान अकेले नहीं है. विधायक जंडेल ने कहा कि जब तक हर किसान को उचित मुआवजा नहीं मिल जाता है, वे चैन से नहीं बैठेंगे.

# सीधी को मिला क्लब फुट मुक्त जिला का पुरस्कार

**सीधी 29 अक्टूबर. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जिला सीधी को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है.**

यह उपलब्धि जिला सीधी द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0-18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार के लिए किए गए प्रयासों का परिणाम है. बताया गया कि जिला सीधी ने 31 मार्च 2025 तक 2-18 वर्ष तक के क्लबफुट से ग्रसित बच्चों की सर्जरी कराकर जिले को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया है. यह उपलब्धि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है. मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला सीधी की इस उपलब्धि की सराहना की है. उन्होंने कहा कि जिला सीधी द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रम, समयबद्ध पहचान, समुचित उपचार और सतत निगरानी के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग बधाई के पात्र हैं.यह उपलब्धि न केवल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत है.



**आयोजन** | संपूर्ण शोभा यात्रा में निशान लेकर चले 150 श्याम भक्त

# शाही पालकी में सवार होकर भ्रमण पर निकले खाटूश्याम

**ग्वालियर, 29 अक्टूबर. खाटूश्यामजी का 55 वा 5 दिवसीय वार्षिक महोत्सव के पहले दिन शाही पालकी शोभा यात्रा निकाली गई यह आयोजन परम भक्त शिरोमणि श्याम लीन श्रीकिशन बाबा के आशीर्वाद से एवम् श्याम अग्रवाल के मार्ग दर्शन निकाली गई.**

इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए श्री श्याम मंडल श्याम हवेली के अध्यक्ष एम के अग्रवाल और सचिव राजकुमार सर्राफ ने बताया की सर्व प्रथम भव्य शाही पालकी शोभा यात्रा में ज्योत प्रज्वलित कर प्रारंभ हुयी इस मौके पर मध्य प्रदेश शासन के उर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर व क्षेत्रीय विधायक सतीश सिंह सिकरवार उपस्थित थे. शाही पालकी यात्रा जीवायएमसी क्लब अचलेश्वर मंदिर रोड से प्रारंभ होकर इन्दरगंज से दाल बाजार, ऊंट पुल से दौलत गंज, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार होते हुए डीडवाना ओली गस्त का ताजिया होकर राम मंदिर पर आकर समाप्त हुई.



संजय कट्ठल ने बताया की इस शाही पालकी शोभा यात्रा के इस आयोजन में सर्व प्रथम 4 घोड़े चल रहें थे दो ऊंट इसके बाद खलील का 25 दलीय ढ़ोल गणेश जी की झांकी नंदअघोरियों एवम् अघोरियों का तांडव नृत्य हनुमान झांकी लाइव सिंगर डबल डेकर गाड़ी श्याम भक्त निशान लेकर चल रहे थे 20 दलीय जयपुर के कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्य रोड़ पर कलाकारों द्वारा किशन बाबा ज्योत शहनाई शाही पालकी प्रसाद वितरण इसके पश्चात अंत में सफाई और कचरा हटाने की व्यवस्था की गयी थी इस आयोजन में शहर की विभिन्न धार्मिक एवम् समाजसेवी संस्थाओं ने जमकर स्वागत किया इस आयोजन में मध्य प्रदेश चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, पार्षद अंजना हरी बाबू शिवहरे, अंकित कट्ठल, अनिल सांखला सहित विभिन्न संगठनों के लोग सम्मिलित हुये .अन्य होने वाले आयोजन इस प्रकार है 30 अक्टूबर को शुक्रवार श्याम हवेली पर सुंदरकांड पाठ पंडित अंकित शर्मा द्वारा किया जाएगा यह आयोजन रात्रि 8 बजे से आयोजित किया जाएगा.

# भाजपा की 33 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

**इंदौर, 29 अक्टूबर. भाजपा की नगर कार्यकारिणी आज घोषित हो गई. कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री और 6 नगर मंत्री सहीफ कुल 33 नेताओं को जगह मिली है.**

कार्यकारिणी में विजयवर्गीय, मेंदोला और शुक्ला समर्थकों के नाम ज्यादा है. कार्यकारिणी में दो महिलाओं को लेकर आश्चर्य जनक माना जा रहा है. दोनों का अंदरूनी विरोध भी है. भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने आज अपनी 33 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित कर दी. प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुमति से 33 सदस्यीय कार्यकारिणी में 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 नगर मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी और उसके साथ दो सह मीडिया प्रभारी, एक कार्यालय मंत्री के साथ दो सह कार्यालय मंत्री, एक सोशल मीडिया प्रभारी के साथ दो सह मीडिया प्रभारी सहित कुल 33 सदस्य बनाए गए है. 5 महिलाएं भी नगर कार्यकारिणी शामिल की गई है.

### नगर कार्यकारिणी में ये है शामिल

भाजपा की नई नगर कार्यकारिणी में कैलाश विजयवर्गीय और रमेश मेंदोला के समर्थक हरप्रीत बक्शी, भूपेंद्र केसरी, सुधीर कोल्हे, दीप्ति हाड़ा, स्वाति काशिद, सहित सबसे ज्यादा पद और स्थान मिला है. इसके बाद गोलू शुक्ला समर्थक नितिन शर्मा, कैलाश पिपले, विशाल यादव को स्थान मिला है. सांसद शंकर लालवानी कंचन गिदवानी और महेंद्र हार्डिया समर्थक नेहा शर्मा को स्थान मिला है, लेकिन विधायक मालिनी गौड़ के पुत्र एकलव्य को स्थान नहीं मिला है. पिछली कार्यकारिणी में एकलव्य नगर मंत्री थे. वहीं गौड़ के खास समर्थक वीरेंद्र शेंडके को भी स्थान नहीं दिया गया है. शेंडके को महामंत्री बनाने को लेकर गौड़ अड़ी थी, लेकिन सिंधी समाज को साधते हुए महेश कुकरेजा को महामंत्री बनाया गया है. इंदु श्रीवास्तव को नगर मंत्री, मंडल अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने पर बना दिया है. मीडिया प्रभारी और सोशल मीडिया में भी यही हाल है. वरुण पाल आरएसएस से हैं, लेकिन एक मेंदोला और एक गोलू समर्थक को सह प्रभारी बनाकर साधा गया है.